चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 28 मार्च 2025
वर्ष 6, अंक 126, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO :07 BOTTOM

# एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● चार राज्यों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें भाग लेने आईं



कार्यक्रम में मौजूद एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 का गुरुवार को चेयरमैन देव मूर्ति ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है। उन्हें सीखने का अवसर मिलता है।

एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यूपी, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें पहुंची हैं। प्रतिभागियों ने अपने तकनीकी एवं समस्या-समाधान कौशल से प्रौद्योगिकी का उपयोग कर "सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन" थीम पर अपने प्रस्तावित समाधानों के लिए प्रोटोटाइप और मॉडल पर काम शुरू कर दिया है। वे इन्हें शनिवार को शिक्षाविदों, नवप्रवर्तकों सहित निर्णायकों के पैनल के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इनमें से हैकाथान 3.0 के विजेता का चुनाव किया जाएगा, जिसे एक लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार हासिल करने का मौका मिलेगा। उद्घाटन सत्र से पहले काशीपुर के श्रीबंसी गौधाम के संस्थापक एवं युवा उद्यमी नीरज चौधरी ने स्टार्टअप के अनुभवों को साझा किया। बताया कि किस तरह उन्होंने गोशाला स्थापित कर दूध के साथ गाय के गोबर से विभिन्न उत्पाद बनाए। ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शैलेंद्र देवा, डॉ. एलएस मौर्य, डॉ. सत्य देव, स्मिता दिनकर, अश्विनी चौहान, निपुन पांडेय सहित सभी विभागाध्यक्ष और स्टाफ मौजूद रहा।